





एक नजर में




### महाविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर किया जागरुक

**इछावर.** कैंसर की रोकथाम और जागरुता पर प्राचार्या डॉ.सुनीता यादव की अध्यक्षता में महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें संयोजक डॉ. कलावती एवं सुश्री नीता माहौर ने कैंसर के प्रति जागरुक रहकर रोकथाम बचाव पर चर्चा की. डॉ. सुनीता यादव एवं शिक्षक विनीत शर्मा ने कहा कि कैंसर के प्रति सजग रहकर प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान के साथ प्राथमिक उपचार कराएं. इस दौरान डॉ.अरविंद बैस एवं स्टाफ उपस्थित थे.




### वार्षिक उत्सव पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

आष्टा. मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, बीआरसी अजब सिंह राजपूत, रवि शर्मा, केएल परमार, एसएल परमार, भीमसिंह ठाकुर, अभिषेक परमार, शैलेन्द्र ठाकुर, विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक आदि शामिल हुए.अतिथियों द्वारा अर्द्ववार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. प्री साइंस मॉडल में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का विधायक ने शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया.



### छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में दिए कॅरियर टिप्स

सीहोर. पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करियर काउंसलिंग करियर मेला का आयोजन किया गया. जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जयप्रकाश परमार एवं नरेंद्र वर्मा उपस्थित थे. डॉ. परमार ने चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न केरियर प्रोग्राम्स के बारे में जानकारी दी और छात्राओं से एक लक्ष्य स्थापित करने का आग्रह किया. विषय का बार-बार रिवीजन करने को महत्वपूर्ण बताया. नरेंद्र वर्मा ने पीएससी, बैंक पुलिस आदि की तैयारी करने के टिप्स छात्रों को बताएं. इस अवसर पर प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में कक्षा 9 से 12 वीं तक की छात्राएं उपस्थित थीं.



### स्वास्थ्य शिविर में किया ग्रामीणों का परीक्षण

सीहोर. वीआईटी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर के तीसरे दिन प्रभात फेरी के पश्चात स्वयंसेवकों ने योगा अभ्यास किया. ग्राम बोरखेड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें नेत्ररोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्स तथा सामान्य चिकित्सों ने ग्रामीणों की जांच हुई और उनको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया. चिकित्सा शिविर के साथ क्लॉथ डोनेशन का भी आयोजन किया. इसके अलावा खेलकूद गतिविधियों में पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि, दीप्ति भोजवानी आदि उपस्थित थे.



### ओवरब्रिज पर अवैध स्टॉप से बढ़ा हादसों का खतरा

बुधनी. नगर के रेलवे ओवरब्रिज पर बसों और ऑटो चालकों द्वारा गलत तरीके से वाहन खड़े करने की लापरवाही गंभीर दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है. विशेषकर ओवरब्रिज के बीच सड़क एवं संकरे स्थानों पर सवारी बैठाने व उतारने के लिए बसों व ऑटो का रुकना न केवल यातायात जाम की स्थिति पैदा कर रहा है, बल्कि तेज गति से आने वाले वाहनों के लिए बड़ा खतरा बन गया है. नागरिकों का कहना है कि बुधनी से नर्मदापुरम एवं रेहटी जाने वाला यह एकमात्र प्रमुख सड़क मार्ग है. रेलवे ओवरब्रिज तिराहे पर ऑटो और बसें अव्यवस्थित ढंग से खड़ी हो जाती हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है. परिणामस्वरूप पीछे से आने वाले वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती और आए दिन जाम के हालात निर्मित होते हैं. तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही, गलत साइड से ड्राइविंग तथा अचानक ब्रेक लगाने की मजबूरी के कारण यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. इस मार्ग पर पूर्व में कई बार हादसे हो चुके हैं, इसके बावजूद स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो रहा है. नागरिकों ने ओवरब्रिज के ऊपर रोटरी निर्माण की आवश्यकता भी जताते हुए प्रशासन एवं पुलिस से मांग की है कि नियमित यातायात निगरानी की जाए, अव्यवस्थित खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

## दमोह-छतरपुर मार्ग पर खाई में पलटी बोलेरो

**एक ही परिवार की तीन महिलाएं घायल**



**दमोह/छतरपुर,04 फरवरी. दमोह-छतरपुर मार्ग पर बुधवार दोपहर एक बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. मड़ियादो थाना क्षेत्र के कलकुआ गांव के समीप बोलेरो अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे बनी खाई में जा पलटी.**

हादसे में एक ही परिवार की तीन महिलाएं घायल हो गईं, जबकि वाहन में सवार अन्य लोग सुरक्षित रहे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो करीब पांच फीट नीचे खाई में गिरी, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गए. ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई. घायल महिलाओं की पहचान तुलसा बाई, काशीबाई और हल्की बाई के रूप में हुई है. सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची. एंबुलेंस पायलट राकेश यादव ने घायलों को मड़ियादो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है.

चिकित्सकों ने बताया कि तीनों की स्थिति फिलहाल सामान्य है. बताया गया है कि दमोह जिले के तिंदनी गांव निवासी यह परिवार छतरपुर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जटाशंकर धाम के पास अपने रिश्तेदारों से मिलने गया था. वापसी के दौरान यह दुर्घटना हुई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है. मामले की विस्तृत जांच जारी है.

### पुलिस ने जनवरी में 27 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब किया

छतरपुर, 04 फरवरी. छतरपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत जनवरी 2026 में जिले से गुम हुए 27 बालक-बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान में नाबालिगों की तलाश को प्राथमिकता दी गई और पूरे जिले में लगातार खोजबीन की गई. पुलिस ने बताया कि



दस्तयाब किए गए 27 बच्चों में 8 बालक और 19 बालिकाएं शामिल हैं. ये सभी नोएडा, मथुरा, वृंदावन, बांदा (उत्तर प्रदेश) और पुणे (महाराष्ट्र) सहित विभिन्न जिलों से खोजे गए. थाना गुलगंज पुलिस ने दो सप्ताह पूर्व गुम हुई एक बालिका को हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर से सुरक्षित बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की. अभियान के दौरान छतरपुर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में तलाश अभियान चलाया गया. सिविल लाइन थाना ने 7, गढ़ी मलहरा ने 5, कोतवाली ने 4 तथा बड़ा मलहरा और गौरिहार ने 2-2 बालक-बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया.



### नौगांव उपजेल के आरक्षक पर मारपीट का आरोप

**पीड़ित ने एसपी कार्यालय में लगाई गुहार**

**छतरपुर, 04 फरवरी. जिले के नौगांव उपजेल में तैनात एक आरक्षक पर मारपीट और फर्जी मामला दर्ज कराने का गंभीर आरोप लगा है. नौगांव थाना क्षेत्र के लुगासी गांव निवासी पवन यादव ने बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे अपने ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा.**

पवन ने आरोप लगाया कि जेल से रिहा होने के दौरान उक्त आरक्षक ने उनके साथ मारपीट की और बाद में उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज करा दिया. पवन यादव ने बताया कि घटना के समय जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो सकती है. उन्होंने मांग की कि संबंधित सीसीटीवी फुटेज की जांच कर वास्तविकता सामने लाई जाए और दोषी आरक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए. पीड़ित ने कहा कि घटना के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान हैं और गांव में भी इस मामले को लेकर भारी नाराजगी है.

इसी कारण वह ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे, ताकि उच्च अधिकारियों तक अपनी बात पहुंच सके. पुलिस प्रशासन ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया है. अब यह जांच ही तय करेगी कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और किस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी.

## अब जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ पर मिलेगा अवकाश

### पुलिस अधीक्षक अगम ने जिले के पुलिसकर्मियों के हित में एक लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**छतरपुर,04 फरवरी. पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिले के पुलिसकर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण और मानवीय निर्णय लिया है. अब छतरपुर जिले में पदस्थ पुलिसकर्मियों को उनके जन्मदिन और विवाह की सालगिरह के अवसर पर विशेष अवकाश प्रदान किया जाएगा.**



इस संबंध में सभी थानों, चौकियों और कार्यालयों के प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए हैं. एसपी अगम जैन ने कहा कि यह पहल पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, मनोबल और पारिवारिक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है. पुलिस की व्यस्त और चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के बीच यह अवकाश उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताने का अवसर देगा, जिससे कार्य-जीवन संतुलन बेहतर होगा और मानसिक तनाव में कमी आएगी.

आदेश में यह भी कहा गया है कि परिवार के साथ ऐसे कार्यक्रमों में सहभागिता से रिश्ते मजबूत होते हैं और पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर पाते हैं.

पुलिस विभाग में इस निर्णय को व्यापक रूप से सराहा जा रहा है. अधिकारियों का मानना है कि इस तरह के संवेदनशील कदम से पुलिस बल का मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक ऊर्जा तथा समर्पण के साथ जनता की सेवा कर सकेंगे.

## युवा संवाद में हुई केन्द्रीय बजट पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 फरवरी. भाजयुमो द्वारा केंद्रीय बजट पर आधारित युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के प्रावधानों को युवाओं तक सरल, स्पष्ट एवं प्रभावी रूप में पहुंचाना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना रहा.**



युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि केंद्रीय बजट युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्टार्टअप प्रोत्साहन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट है. यह बजट युवाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने वाला है. कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संपूर्ण आयोजन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार द्वारा किया गया.

उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा का निरंतर प्रयास है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और नीतियां युवाओं तक पहुंचें और वह उनका अधिकतम लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश के प्रत्येक वर्ग विशेषकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है. युवाओं को संगठन के साथ जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए.



### दुष्कर्मी इलेक्ट्रिक इंजीनियर को आजीवन कारावास

**सीहोर.** आष्टा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले इलेक्ट्रिक इंजीनियर को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आजीवन कारावास और 10 हजार 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नारायण सिंह मेवाड़ा ने की. अभियोजन के अनुसार कोठरी स्थित निजी शिक्षण संस्थान में कार्य करने वाली एक युवती ने 10 मई 2024 को आष्टा थाने पर पहुंचकर शिक्षण संस्थान में ही पदस्थ रहे इलेक्ट्रिक इंजीनियर संदीप सेन निवासी सतना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे शादी का झांसा दिया और पीड़िता को अपने घर बुलाकर उसके साथ ज्यादती की. जनवरी 2023 से मई 2024 तक आरोपी उसके साथ कई बार ज्यादती करता रहा. बाद में जब आरोपी संदीप सेन ने शिक्षण संस्थान से जॉब छोड़ दी तो उसने पीड़िता से मिलना भी बंद कर दिया. पीड़िता की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ज्यादती सहित अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया.

## खेत में काम कर रही महिला पर जंगली जानवर का हमला

**छतरपुर,04 फरवरी. जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के पल्कोहां गांव में खेत में काम कर रही एक वृद्ध महिला पर जंगली जानवर ने अचानक हमला कर दिया.**



घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से महिला को बचाया गया और उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है. घायल महिला की पहचान 69 वर्षीय बेनी बाई अहिरवार (पल्कोहां) के रूप में हुई है. महिला ने बताया कि वह शाम के समय अपने सरसों के खेत में काम कर रही थी, तभी फसल के बीच छिपे जंगली जानवर ने पीछे से हमला कर दिया.

जानवर ने उसकी साड़ी मुंह में दबोचकर उसे घसीटते हुए जंगल की ओर ले जाने लगा. बेनी बाई ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया, जिससे आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाया. लोगों को आते देख जानवर महिला को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया. हमले में महिला के पैरों पर दांत के गहरे निशान बने हैं.

परिजन महिला को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया. एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण महिला को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया. यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला करने वाला जानवर बाघ था या तेंदुआ. वन विभाग पगमार्क के आधार पर जांच कर रहा है. पल्कोहां गांव पन्ना टाइगर रिजर्व से सटा हुआ है, इसलिए वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ी है. लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और वे वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं.

**मौसम** कोहरे और बादलों के बीच न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री दर्ज

## छतरपुर जिले में ठंड का असर बरकरार

**छतरपुर,04 फरवरी. जिले में बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. यह तापमान मंगलवार-रविवार की दरमियानी रात का रहा और सुबह 8:30 बजे दर्ज किया गया. इससे एक दिन पहले सोमवार को न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस था.**



बुधवार सुबह शहर में घना कोहरा छाया रहा और हल्की ओस गिरने की स्थिति बनी रही. कोहरे और बादलों के कारण सुबह 9:30 बजे तक सूरज नहीं निकल सका. मौसम की इन परिस्थितियों के चलते विजिबिलिटी केवल 200 मीटर तक सीमित रही. सुबह के समय जिले में आर्द्रता 98 प्रतिशत दर्ज की गई. मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बुधवार सुबह का तापमान करीब 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार को बादल छंटने पर दिन का अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान मौसम की स्थिति का कारण पश्चिमी विक्षोभ है

, जिसके प्रभाव से आसमान में बादल बने हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज की गई. विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम साफ होने पर तापमान में बदलाव देखने को मिल सकता है. इस बीच नागरिकों से सुबह के समय कोहरे के चलते यात्रा करते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है, क्योंकि विजिबिलिटी कम होने से सड़क हादसों का जोखिम बढ़ सकता है.

## संस्कृति व परंपरा को जीवित रखते हैं आनंद उत्सव



नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 फरवरी. शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में जिला स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई. जिनमें अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, बच्चों, युवाओं एवं नागरिकों ने भाग लिया. कलेक्टर बालागुरू के तथा सीईओ ने टेबल टेनिस और चम्मच दौड़ में भाग लिया व सभी खेल गतिविधियों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया. आनंद उत्सव के अंतर्गत सितोलिया, गोलाफेंक, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल और शतरंज जैसे खेलों का आयोजन किया गया.